जिले में ऑन लाइन होगी घर बैठे खाद की बुकिंग

टोंक। राजस्थान सरकार के कृषि विभाग द्वारा किसानों को उर्वरक वितरण में पारदर्शी, सरल एवं तकनीक आधारित सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल्स एप योजना का बुधवार को टोंक जिले में पुनः शुभारंभ किया गया।

खोया पाया

मेरा प्लॉट नं.13, गोरक्ष नगर-2, ब्लॉक-B, नांगल सुसावतान का मूल पट्टा दिनांक 03/11/2026 को कहीं गुम हो गया है। इस संबंध में पुलिस थाना- आमेर, जयपुर (उत्तर) में गुमशुदगी रिपोर्ट (क्रमांकः 44) दर्ज करा दी गई है। किसी को मिलने पर कृपया नीचे दिए गए पते या मोबाइल नंबर 9827441251 पर सूचित करें। प्रार्थीः स्टेफी रोजारियो (पत्नी एडवर्ड रोजारियो), पताः सुभाष चौक, जयपुर

आम सूचना मेरे अभिभाष्य श्री महेन्द्र कुमार बुनकर पुत्र श्री साधुराम बुनकर उम्र 55 वर्ष निवासी-प्लाट नं. 89, सीताराम पुरी, सिमेन्ट गोदाम के पास, हरमाडा, जयपुर के निर्देशानुसार सभी आमजन को सूचित किया जाता है, कि मेरे अभिभाष्य का पुत्र भूपेश बॉयल उर्फ आकाश व उसकी पत्नी अर्चना बैरवा मेरे अभिभाष्य के कहे में नहीं है। भविष्य में उक्त भूपेश बॉयल उर्फ आकाश व उसकी पत्नी अर्चना बैरवा का मेरे अभिभाष्य की चल व अचल सम्पत्ति व परिवार से कोई सम्बन्ध नही होगा। जो कोई भी उक्त भूपेश बॉयल उर्फ आकाश व उसकी पत्नी अर्चना बैरवा से किसी प्रकार का लेन देन या व्यवहार करेगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
(मोहित सेहरा) एडवोकेट, 8559955146

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण श्री दिनेश चन्द्र गुप्ता एवं उनकी पत्नि श्रीमती चन्द्रकान्ता गुप्ता निवासीगण - 22 वेंकटेश्वर कॉलोनी न्यू सांगानेर रोड सोडाला जयपुर की पुत्रवधू दीप्ति सिंघल पत्नी ध्रुव गुप्ता के द्वारा मेरे अभिभाष्यगण के साथ आये दिन लड़ाई झगड़ा किया जाकर उनको अत्यधिक हैरान परेशान किया जाता है, जिसमे मेरे अभिभाष्यगण का पुत्र ध्रुव गुप्ता भी उसका ही साथ देता है। दीप्ति सिंघल द्वारा मेरे अभिभाष्यगण को उनके पौत्र से भी अलग कर दिया है। इससे परेशान होकर मेरे अभिभाष्यगण द्वारा अपने पुत्र ध्रुव गुप्ता एवं उसकी पत्नी दीप्ती सिंघल से समस्त सम्बन्ध तोड़ते हुए इन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा यदि किसी व्यक्ति, संस्था, सरकारी व अर्धसरकारी विभाग से किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार किया जाता है तो मेरे अभिभाष्यगण की किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। सूचित रहे।
जयपुर (अविनाश वशिष्ठ) एडवोकेट
मो.-9413488007

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत-प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:4804 जाहिर आम-सूचना दिनांक:23.11.2026
श्री रतन लाल सेन पुत्र श्री किशन राम सेन को आवास / फ्लैट संख्या 174 / 141 (LIG), (क्षेत्रफल 60.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर में आवंटन किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1284 दिनांक 30.06.2006 को जारी किया गया। त्पोपरान्त उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 1889 / 573 दिनांक 19.04.2010 के द्वारा श्री ओम प्रकाश मीणा पुत्र श्री जगदीश नारायण मीणा के पक्ष मे जारी किया गया। जिसके पंजीयन प्रपत्र श्री ओम प्रकाश मीणा के नाम दिनांक 24.05.2010 को उप पंजीयक सांगानेर- अण्डम् के यहा पंजीकृत करवाया गया। श्री ओम प्रकाश मीणा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 19.08.2013 को श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री विष्णु चन्द गुप्ता को विक्रय कर उनके पक्ष में विक्रय पत्र उप पंजीयक सांगानेर- प्रथम जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती विमला देवी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 17.12.2013 को श्रीमती किरन पत्नी श्री मोहन सिंह को विक्रय कर उनके पक्ष में विक्रय पत्र उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती किरन पत्नी श्री मोहन सिंह कि मृत्यु दिनांक 25.04.2026 को हो जाने के कारण उनके पति श्री मोहन सिंह पुत्र श्री रामेश्वर राम द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर पंजीकृत हक त्याग के आधार पर स्वयं का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/ व्यक्तिगण को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री मोहन सिंह पुत्र श्री रामेश्वर राम का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 61/2026
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम भजनान्द शर्मा पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शर्मा जाति ब्राह्मण
विवाद स्थान प्लाट नं. H 1-1047 सीतापुरा जयपुर
मृतक अभिषेक शर्मा की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 04.01.2027
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम अभिषेक शर्मा पुत्र स्व.श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी 6/420 SFS अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें। अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 04 माह 01 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 23 माह 11 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से-शरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या 10 जयपुर महानगर प्रथम मुख्यालय जयपुर
मोहर अदालत

न्यायालय तहसीलदार महोदय टपूकडा जिला खैरथल तिजारा
सुशीला देवी वगैराह बनाम परमेश्वरी देवी वगैराह
प्रार्थना पत्र एल.आर. एक्ट 135 (2)
प्रकरण संख्याः- 60/26
1. परमेश्वरी देवी पत्नी धर्मपाल उर्फ धर्मचन्द पुत्र श्योनाथ
2. सुनीता पुत्री धर्मपाल उर्फ धर्मचन्द पुत्र श्योनाथ पत्नी रामस्वरूप
3. मंगल पुत्र धर्मपाल उर्फ धर्मचन्द पुत्र श्योनाथ
4. बल्ले पुत्री धर्मपाल उर्फ धर्मचन्द पुत्र श्योनाथ पत्नी राजकुमार
5. गोगा पुत्री धर्मपाल उर्फ धर्मचन्द पुत्र श्योनाथ
6. उर्मिला पुत्री धर्मपाल उर्फ धर्मचन्द पुत्र श्योनाथ जाति स्वामी निवासी ग्राम झिवाणा तहसील टपूकड़ा जिला खैरथल-तिजारा।
7. सरोज पुत्री धर्मपाल उर्फ धर्मचन्द पुत्र श्योनाथ पत्नी हरीराम जाति स्वामी निवासी नेहचाना मार्ग के पास, दुर्गा कॉलोनी, बावल जिला रेवाड़ी हरियाणा।
8. रीना पुत्री धर्मपाल उर्फ धर्मचन्द पुत्र श्योनाथ पत्नी जगदीश प्रसाद जाति स्वामी निवासी नेहचाना वार्ड नम्बर 5, महावा, जिला सीकर राजस्थान।
9. राजबाला पुत्री शान्ति पत्नी विशम्बर जाति स्वामी निवासी कोटपुतली जिला जयपुर
10. उत्तम पुत्री शान्ति पत्नी विश्म्बर जाति स्वामी निवासी ग्राम डुंगरवास तहसील व जिला रेवाड़ी हरियाणा।
अप्रार्थीगण
11. दौलतराम पुत्र मामला जाति स्वामी निवासी ग्राम ईसरोदा तहसील तिजारा जिला खैरथल-तिजारा राजस्थान।
तरवीजी अप्रार्थीगण
प्रार्थीगण ने इस न्यायालय मे वाके ग्राम छपर मे स्थित आराजी बाबत नामान्तरण मे माननीय न्यायालय राजस्व मण्डल अजमेर द्वारा अपने निर्णय दिनांक 27.08.2026 मे अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, जयपुर द्वारा पारित निर्णय दिनांक 31-01-2025 मे संशोधन किया जाकर ग्राम पंचायत, ततारपुर को प्रतिप्रेषित किये जाने के स्थान पर तहसीलदार, टपूकड़ा को प्रतिप्रेषित किये जाने के आदेश दिये गये है कि विवादित आराजियात का मूल खातेदार मामला था जिसके विधिक वारिसान की जांच किया जाना आवश्यक है। इसी प्रकार धर्मपाल या धर्मचन्द एक ही व्यक्ति है अथवा अलग-अलग व्यक्ति हैं, इसी प्रकार धर्मपाल या धर्मचन्द मामला का पुत्र है अथवा श्योनाथ का। उक्त तथ्य उभयपक्ष को साक्ष्य, सबूत एव सुनवाई का समुचित अवसर प्रदान कर तथा विस्तृत जांच उपरांत ही स्पष्ट हो सकेगा। प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना-पत्र राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम की धारा 135 (2) के तहत पेशकर निवेदन है कि माननीय न्यायालय के निर्णय दिनांक 27.08.2026 की पालना मे पुनः निर्णय किया जाने का प्रार्थना-पत्र सस्थित किया है जिसमें आप प्रतिवादी/ अप्रार्थीगण की जद मे पक्षकर मुकदमा है। मुकदमे मे तारीख 02/12/2026 समय सुबह 10 बजे सुनवाई के लिये नियत है। आप उक्त तारीख एवं समय पर असातत्न अथवा वकातत्न उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे एवं मुकदमे से संबंधित जो भी दस्तावेज हो, वो उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे एवं मुकदमे से संबंधित जो भी दस्तावेज हो, वो न्यायालय मे प्रस्तुत करे। अन्यथा आपकी अनुपस्थिती मे वाद की सुनवाई कर उसका निपटारा कर दिया जावेगा।
यह अखबार स्याहा नोट मेरे द्वारा आज दिनांक 2.5-11.2026 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।
मोहर अदालत
तहसीलदार टपूकड़ा जिला खैरथल-तिजारा (राज.)

नम्बर मिलाइए
8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

भरतपुर जिला प्रमुख चुनाव में कांग्रेस का परचम

भरतपुर (निसं)। जिला प्रमुख की निर्वाचन की प्रक्रिया बुधवार को जिला परिषद सभागार में सम्पन्न हुई जिसमें काँग्रेस प्रत्याशी रानूवाला ने 3 मतों से विजय प्राप्त की।

जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि जिला प्रमुख पद के लिए आयोजित निर्वाचन प्रक्रिया में कांग्रेस की रानू वाला जिला प्रमुख पद पर निर्वाचित हुई हैं। निर्वाचन में रानू वाला को कुल 17 मत प्राप्त हुए, जबकि भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी पूजा कुमारी को 14 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार रेनू वाला ने 3 मतों के अंतर से जिला प्रमुख पद पर विजय प्राप्त की। निर्वाचन प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार सम्पन्न कराई गई।

जिला प्रमुख चुनाव में कुल 31 जिला परिषद सदस्यों ने मतदान किया। इनमें कांग्रेस की रानू बाला को 17 और भाजपा की पूजा कुमारी जाटव को 14 वोट मिले। इससे पूर्व निर्वाचन अधिकारी ने सभी नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को कलक्ट्रेट में पद, गोपनियता एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई। कांग्रेस की जीत के बाद धौलपुर-करौली सांसद भजनलाल जाटव ने इसे लोकतंत्र और भरतपुर की ग्रामीण जनता की जीत बताया। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह और सांसद संजना जाटव सहित पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। भजनलाल जाटव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के स्पष्ट बहुमत के बावजूद धनबल के आधार पर उनके चार वोटों की चोरी की गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तमाम दबाव और चुनौतियों के बावजूद यह चुनाव जीता है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान कांग्रेस के जिला परिषद सदस्यों को लगातार होटल बदलने पड़े और पुलिस उनका पीछा कर रही थी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष की माइंस पर रेड और पेनल्टी लगाए जाने का भी उन्होंने आरोप लगाया। जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि कांग्रेस के 18 सदस्य अंदर गए थे, लेकिन रानू वाला को 17 वोट ही मिले, यानी एक वोट क्रॉस हुआ है, तो उन्होंने कहा कि उन्हें अभी यह जानकारी नहीं है कि क्रॉस वोट किसका हुआ है, लेकिन कांग्रेस की जीत सबसे बड़ी बात है। उन्होंने भाजपा के सेमीफाइनल वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि यह जीत 2028 के विधानसभा चुनाव के फाइनल का संकेत है और जनता इसका जवाब देगी। नवनिर्वाचित जिला प्रमुख रानू वाला ने जीत के बाद कांग्रेस पार्टी और सभी जिला परिषद सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर विश्वास जताते हुए जिला प्रमुख पद का प्रत्याशी बनाया और सदस्यों ने उन्हें समर्थन देकर विजयी बनाया है। रानू वाला ने कहा कि उन्हें 17 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी पूजा कुमारी को 14 मत मिले। उन्होंने इस जीत को पार्टी के विश्वास और सदस्यों के समर्थन की जीत बताते हुए सभी का धन्यवाद किया।

- रानू वाला ने 17 वोट लेकर भाजपा की पूजा कुमारी को मात दी


जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला प्रमुख को प्रमाण जत्र सौंपा।

विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

शाहपुरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर, जिला जयपुर अध्यक्ष तारा अग्रवाल एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने जय भारती विद्यामंदिर बिशनगढ़ मे शिविर आयोजित किया। इस शिविर की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक भंवर सिंह कसाना द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रिंसिपल शशी बाल अग्रवाल भी उपस्थित रही।अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने शिविर में बताया कि हमारे बाल-विद्यार्थियो, युवाओं के भविष्य के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा बाल विद्यार्थियों के कानूनी अधिकार, एवं उनके "बचपन सुरक्षित,तो देश सुरक्षित" के लिए नालसा योजनाओं में "नशा मुक्त भारत अभियान" एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार के लिए बाल्यावस्था से ही जागरूक करना होगा।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वावधान में देशव्यापी सघन अभियान चलाया जा रहा है। हमारे युवाओं को नशा के दुष्प्रभाव से बचाना है। गाय बैल लावारिस पशुओं को सिंगल यूज प्लास्टिक के द्वारा घर-घर में मिष्ठान पदार्थों को थैली सहित फैक देने से पशुओं द्वारा खाने से उनकी मृत्यु को बचाने के लिए बहिष्कार हर घर घर से होना आवश्यक है। इसके लिए बाल्यावस्था से स्कूल के विद्यार्थियों को विधिक जागरूकता जानकारी से अवगत कराया जाता है। सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को नशा नहीं स्वास्थ्य चुने, नशा नहीं भविष्य के सपने चुने। बाल्यावस्था में दिशा-निर्देश अगर सही शिक्षा ग्रहण करने पर ही भविष्य सुखद होगा।"नशा को कहो ना, शिक्षा को कहो हाँ, "परम्पराओं को सभी सरकारी स्कूलों, प्राइवेट स्कुलो के विद्यार्थियों को "नालसा शिक्षा स्कीम 2026 " के प्रति अभियान चलाया जाना अनिवार्य रूप से आवश्यक है।

मत्स्य उत्सव में योग, प्रकृति व अंतरिक्ष विज्ञान का संगम

अलवर। मत्स्य उत्सव-2026 के तहत बुधवार को अलवर में विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक, शैक्षिणक, पर्यावरणीय और स्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया। उत्सव के कार्यक्रमों में सुबह से ही लोगों की भागीदारी देखने को मिली। कंपनी बाग में योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया गया, वहीं नमो वन स्थित बायोडायवर्सिटी पार्क में नेचर वॉक और वन विभाग की गतिविधियों के जरिए लोगों को प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने का प्रयास किया गया। दूसरी ओर मोती डूंगरी पर आयोजित अंतरिक्ष दर्शन कार्यक्रम ने बच्चों, विद्यार्थियों और विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों को ब्रह्मांड की दुनिया से परिचित होने का अवसर दिया।

मत्स्य उत्सव के तहत बुधवार सुबह 7 बजे कंपनी बाग में योगा फॉर ऑल कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, शारीरिक फिटनेस, मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को नियमित योग के प्रति जागरूक करना और दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। योग की विभिन्न क्रियाओं के माध्यम से प्रतिभागियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। सुबह 9 बजे नमो वन स्थित बायोडायवर्सिटी पार्क में नेचर वॉक एवं वन विभाग की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

- कंपनी बाग में योगाभ्यास से दिया स्वस्थ जीवनशैली का संदेश, नमो वन में नेचर वॉक और मोती डूंगरी पर अंतरिक्ष दर्शन बना आकर्षण

जिला परिषद के उप प्रमुख चुनाव की बैठक आज

दौसा (निसं.)। पंचायत आम चुनाव-2026 अंतर्गत जिला परिषद दौसा के उप प्रमुख पद के निर्वाचन के लिए 26 नवंबर को निर्वाचन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला परिषद दौसा के सभा भवन में सुबह 10 बजे से बैठक आयोजित की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे से निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ होगी। अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र सुबह 11 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा सुबह 11.30 बजे से की जाएगी। अभ्यर्थी दोपहर 1 बजे तक अपनी अभ्यर्थिता वापस ले सकेंगे। अभ्यर्थिता वापसी के तुरंत बाद चुनाव लडने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगा। आवश्यकता होने पर मतदान दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे के मध्य कराया जाएगा।

आत्मरक्षा मानसिक सतर्कता और आत्मविश्वास का नाम है : रविप्रकाश शर्मा

निवाई। राजकीय महाविद्यालय में छात्राओं को शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएसपी रविप्रकाश शर्मा रहे। अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर मीनाक्षी बघेल ने की।

- रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शुरू

कार्यक्रम संयोजक डॉ. उषा बागड़ी ने प्रशिक्षण की रूपरेखा एवं आगामी गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। मुख्य अतिथि डीएसपी रविप्रकाश शर्मा ने कहा कि आत्मरक्षा केवल शारीरिक बल ही नहीं, बल्कि मानसिक सतर्कता और आत्मविश्वास का नाम है। उन्होंने छात्राओं को विपरित परिस्थितियों में निडर रहने, पुलिस हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने एवं कानून के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रोफेसर मीनाक्षी बघेल ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई के आदर्शों से प्रेरणा लेकर छात्राओं को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से प्रशिक्षण के तहत आयोजित होने वाले शिविर में बढ़-चढक़र भाग लेने का आ ान किया। कार्यक्रम के अंत में संयोजक डॉ. उषा बागड़ी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुमन ने किया। इस दौरान सह संयोजक डॉ. सोना अग्रवाल, प्रोफेसर मदन मोहन महावर, प्रोफेसर प्रभा गुप्ता, राजेश कुमार मीणा व रूपा चौधरी सहित सभी संकाय मौजूद थे।



राजकीय महाविद्यालय में आयोजित, आत्मरक्षा शिविर को डीवाईएसपी रविप्रकाश ने संबोधित किया।

टोंक में पायलट समर्थक बीना बैरवा निर्विरोध जिला प्रमुख बनीं

दौसा (निसं)। जिला एवं पुलिस प्रशासन की कडी सुरक्षा के बीच बुधवार को दौसा जिला परिषद के जिला प्रमुख के चुनाव सम्पन्न हुये। चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बीना बैरवा निर्विरोध जिला प्रमुख पद पर निर्वाचित हुई। इधर बीना बैरवा के निर्विरोध जिला प्रमुख निर्वाचित होने के साथ ही कांग्रेसियों ने आतिशबाजी कर जमकर जश्न मनाया। उधर बीना बैरवा के जिला प्रमुख निर्वाचित होने पर पायलट खेमें खुशी की लहर दौड गई है।

उल्लेखनीय है कि दौसा जिला परिषद 37 सदस्यों में से कांग्रेस के 35 तथा भाजपा के दो सदस्य चुनाव जीत कर आये है। कांग्रेस ने काफी जद्दोजहद के बाद सर्व सम्मति से दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा की पत्नी बीना बैरवा को जिला प्रमुख पद के लिए अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया। बीना बैरवा बुधवार को जिला परिषद पहुंची तथा कांग्रेस की ओर से जिला प्रमुख पद के लिए नामांकन दाखिल किया। इधर भाजपा में एससी महिला चुनाव जीतकर नही आई जिसके चलते कांग्रेस की ओर से एक ही नामांकन दाखिल किया गया। जिला प्रमुख पद के लिए कांग्रेस की ओर से एक ही नामांकन दाखिल होने पर नामांकन वापसी का समय पूर्ण होने के साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने बीना बैरवा को जिला प्रमुख हेतु निर्वाचित घोषित किया तथा पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई। इधर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा द्वारा विधिवतरुप से बीना बैरवा के निर्वाचन की घोषणा किये जाने के साथ ही जिला परिषद के बाहर खडे सैंकडो काग्रेसी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियो ने ढोल-नगाडों तथा आतिशबाजी के साथ जमकर खुशी मनाई।

- पूर्व मंत्री परसादीलाल मीणा ने बाजी पलटी

पायलट गुट से आती है बीना बैरवा: नवनिर्वाचित जिला प्रमुख बीना बैरवा पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के दिग्गज नेता सचिन पायलट गुट से आती है। दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा एवं बीना बैरवा पायलट के कट्टर समर्थको में गिने जाते है। नवनिर्वाचित जिला प्रमुख बीना बैरवा ग्राम पंचायत जीरोता खुर्द की सरपंच एवं पंचायत समिति लवाण की प्रधान रह चुके है। बीना बैरवा के पति वर्तमान में दौसा से कांग्रेस के विधायक है, दीनदयाल बैरवा को उपचुनाव में सचिन पायलट ने चुनावी मैदान में उतारा था।

पूर्व मंत्री परसादीलाल मीणा ने पटली बाजी: कांग्रेस में दौसा जिला प्रमुख पद के लिए दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा की पत्नी बीना बैरवा एवं पूर्व मंत्री ममता भूपेश की पुत्री देवांगना भंडारी ने जबरदस्त दावेदारी प्रस्तुत कर रखी थी। दोनो की दावेदारी स्थानीय एवं प्रदेश स्तरीय नेताओं के लिए गले की फांस बन चुकी थी। बताया जाता है कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दबाव के चलते देवांगना भंडारी का नाम लगभग तय माना जा रहा था। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द डोटाडरा ने सभी नेताओं एवं सभी जिला परिषद सदस्यो को वन-टू-वन के लिए जयपुर बुलाया। सूत्रो ने बताया कि वन-टू-वन के दौरान पूर्व चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा ने सख्त टिप्पणी करते हुये प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा से कहा कि दौसा जिला परिषद गठन के बाद दौसा विधानसभा क्षेत्र से एक बार भी जिला प्रमुख नही बना है, ऐसे में बीना बैरवा को प्रत्याशी बनाया जाना चाहिये। सूत्रो ने बताया कि पूर्व मंत्री परसादीलाल मीणा ने वर्ष 2000 मे हुये जिला प्रमुख चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग का जिक्र करते हुये क्रॉस वोटिंग करने वालो का प्रत्याशी नही बनाये जाने का दबाव बनाया।

पंचायत समिति चुनाव 27 एवं 28 नवंबर को

दौसा (निसं.)। पंचायत राज आम चुनाव-2026 के तहत जिले की पंचायत समितियों में प्रधान एवं उप प्रधान पदों के लिए निर्वाचन 27 एवं 28 नवंबर को कराया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 नवंबर को प्रधान तथा 28 नवंबर को उप प्रधान पद के लिए चुनाव होंगे। निर्वाचन प्रक्रिया संबंधित पंचायत समिति मुख्यालय अथवा अन्य निर्धारित निर्वाचन स्थल पर संपन्न होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि दोनों ही दिनों में सुबह 10 बजे से निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होगी। अभ्यर्थी सुबह 11 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा सुबह 11.30 बजे से होगी तथा अभ्यर्थिता दोपहर 1 बजे तक वापस ली जा सकेगी। अभ्यर्थिता वापसी के तुरंत बाद चुनाव लडने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। आवश्यकता होने पर दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा।

कार्यशाला में उच्च रक्तचाप व कैंसर पर चर्चा की

टोंक। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुधवार को एनसीडी (गैर संचारी रोग) कार्यक्रम को लेकर जिला स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सीएमएचओ कार्यालय के मीटिंग हॉल में किया गया। कार्यशाला में राज्य नोडल अधिकारी (एनसीडी) डॉ. सुनील सिंह और स्टेट एनसीडी सेल टीम ने कार्यक्रम के एजेंडे पर प्रकाश डालते हुए मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं कैंसर सहित गैर संचारी रोगों की रोकथाम, समय पर स्क्रीनिंग, रोग की पहचान, उपचार एवं नियमित फॉलोअप की जानकारी दी। उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप स्क्रीनिंग एवं मरीजों के पंजीकरण की प्रगति बढाने तथा उपचार एवं फॉलोअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्टेट टीम ने महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग, शीघ्र पहचान एवं बचाव संबंधी जानकारी दी। सी-बैक (ब-ठाब) फॉर्म, ऑनलाइन डाटा एंट्री एवं निर्धारित रिपोर्टिंग फॉर्मेट की तकनीकी जानकारी देते हुए समयबद्ध एवं त्रुटिरहित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नानूराम कुलदीप ने कहा कि 30 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की एनसीडी के तहत नियमित स्क्रीनिंग अत्यंत आवश्यक है। इस आयु वर्ग के लोगों को मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं ओरल, ब्रेस्ट तथा सर्वाइकल कैंसर की समय पर जांच करवानी चाहिए। एनसीडी से बचाव के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम एवं शारीरिक गतिविधियां अपनाने, तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों तथा शराब के सेवन से दूर रहने, वजन नियंत्रित रखने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. सुनील सिंह राज्य नोडल अधिकारी एनसीडी, दीपक शर्मा कंसलटेंट कैंसर सर्वाइकल, दीपेंद्र सिंह तंवर टेक्निकल टीम टाटा ट्रस्ट, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नानूराम कुलदीप, डॉ. अंशुल शर्मा, डॉ. छगनलाल मीणा, लोकेश सिंघल सहित समस्त ब्लॉकों के बीसीएमओ, बीपीएम, चयनित चिकित्सा अधिकारी, सीएचओ, एएनएम एवं एनसीडी कार्यक्रम से जुड़े कार्मिक उपस्थित रहे।

वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल का आकस्मिक निधन, न्यायिक कार्य स्थगित

कोटपूतली। वरिष्ठ कर अधिवक्ता (टैक्स एडवोकेट), पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल निवासी आदर्श नगर, वार्ड नं. 40 का मंगलवार 24 नवंबर को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र के न्यायिक, राजनीतिक और सामाजिक हलकों में शोक की लहर दौड़ गई है।

दिवंगत अग्रवाल का अंतिम संस्कार बुधवार 25 नवंबर को दोपहर 03 बजे किया जाएगा। वे अपने पीछे भाई किशन लाल बंसल व सुरेश चंद्र अठावाल तथा पुत्र एड. मनोज अठावाल व दीपक अठावाल सहित भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। अठावाल वकालत के पेशे के साथ-साथ सार्वजनिक जीवन में भी अत्यंत सक्रिय रहे। उन्होंने पूर्व पार्षद, कोटपूत